**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.12.2024** **1945 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार के प्रयासों से वंचित वर्गों के जीवन स्तर में हुआ सुधार।
- भाजपा ने प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए कांग्रेस को बताया पूरी तरह जिम्मेदार।
- लम्बे समय से वर्षा न होने से कृषि कार्य हुए प्रभावित– किसानों की चिंता बढ़ी।

**रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 23 दिसम्बर को वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को भी संबोधित करेंगे। यह रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा । और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता––––––

***रोजगार मेले की शुरूआत 22 अक्तूबर 2022 को हुई थी। कल होने वाला रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय और विभागों में नियुक्त किया जाएगा। इनमें गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय सहित वित्तीय सेवा विभाग शामिल है। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म–सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार ने जानकारी दी है कि रोजगार मेले के माध्यम से अब तक लाखों युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।***

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल ने 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना' शुरू करने को मंजूरी दी है। योजना का उद्देश्य

वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत अढ़ाई लाख रुपये से कम वार्षिक आय और आवासीय सुविधा से वंचित लोग पात्र होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 'मुख्यमंत्री विधवा व एकल नारी आवास योजना' के तहत वित्तीय सहायता में भी वृद्धि की है। इसके तहत विधवा और एकल महिलाओं को मकान बनाने के लिए सहायता राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दी गई है। योजना के अंतर्गत बनाए गए घरों में पानी और बिजली कनेक्शन प्रदान करने को प्राथमिकता दी जाएगी।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार का असली चेहरा सामने आ चुका है। एक बयान में उन्होंने कहा कि विपक्ष के विरोध के बावजूद सरकार ने बहुमत के नाम पर सरकारी कर्मचारियों से जुड़े भर्ती व सेवा शर्त विधेयक 2024 को विधानसभा में पास कर दिया है जिससे अनुबंध कर्मचारियों की सिन्योरिटी और इंक्रीमेंट को झटका लगेगा। इस विधेयक के परिणाम स्वरूप ऐसे कर्मचारी जिनकी सरकारी नियमित सेवा कम रही हो उनके वित्तीय लाभ प्रभावित होंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह संशोधन कर्मचारी विरोधी है और इससे सरकार का कर्मचारी विरोधी होने का चेहरा भी उजागर हुआ है।

**शांडिल**

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए इस वर्ष बजट में 3 हजार 4 सौ 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कांगड़ा जिला के फतेहपुर, ज्वाली, नूरपुर और इंदौरा अस्पतालों के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए राज्य सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बनने वाले 68 आदर्श संस्थानों में से 45 संस्थानों का निर्माण कर लिया गया है। कृषि मंत्री चन्द्र कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने ऊना जिले के चिंतपूर्णी स्थित नागरिक अस्पताल में भी स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

**आयुष मंत्री**

आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने आज पालमपुर में एक आयुर्वेदिक मल्टी स्पैशिलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण सहित इनमें पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों व पैरामैडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जा रही है। आयुष मंत्री ने बताया कि पिछले 6 महीने में आयुष विभाग में चिकित्सकों के एक सौ 50 पद भरे गए हैं।

## राजीव भारद्वाज

भाजपा ने प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह जिम्मेदार बताया है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थान चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं और आई.जी.एम.सी शिमला समेत जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी चल रही है। विधानसभा में प्रस्तुत कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि चंबा और सिरमौर जिलों में सबसे अधिक 42 प्रतिशत चिकित्सकों की कमी है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री व उनके नेताओं की मंशा साफ है कि वे हिमाचल प्रदेश नहीं बल्कि अपने हितों के बारे में ही सोच रहे हैं।

## समारोह

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिटू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मजबूत इरादों के साथ प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र में राजकीय विद्यालय बलडूहक के वार्षिक समारोह में आज उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। स्थानीय विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बलडूहक क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की लागत वाली 6 सड़क परियोजनाएं मंजूर की हैं। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं के लिए बजट दिया जा रहा है।

## भाजपा

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में 25 व 26 दिसम्बर को भाजपा कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। पार्टी महासचिव त्रिलोक कपूर ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस और 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर पार्टी द्वारा रूप रेखा तैयार कर ली है। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री समेत अन्य गणमान्य लोग उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

## सुशासन सप्ताह

मंडी सदर उपमंडल की कोटला पंचायत में आज सुशासन सप्ताह के अवसर पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। एस.डी.एम. ओमकांत ठाकुर की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को जन शिकायतों व समस्याओं के जल्द निपटारे के निर्देश दिए। ऐसा ही एक कार्यक्रम कल 23 दिसम्बर को मंडी नगर निगम में आयोजित किया जाएगा।

## चुनाव

हिमाचल प्रदेश ज्येष्ठ व वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की स्थायी कार्यकारिणी के चुनाव आज बिलासपुर में हुए। इन चुनावों में मंडी के आर.एस. राणा मुख्य संरक्षक जबकि अशोक अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। इस दौरान परिषद ने निर्णय लिया कि वरिष्ठ नागरिको के कल्याण व उत्थान से जुड़े मुद्दों को लेकर समय–समय पर सरकार के साथ चर्चा की जाएगी।

## चंबा–किसान–मौसम

प्रदेश में पिछले लंबे समय से वर्षा न होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। वर्षा न होने के चलते किसान अभी तक फसलों की बिजाई नहीं कर पाएं है। चंबा जिले के किसानों के अनुसार सूखे के चलते वे गेहूं की बिजाई नहीं कर सके हैं। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में भी वर्षा न होने के कारण पेयजल संकट जैसी स्थिति सामने आ सकती है।

इस बीच प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है और उपरी इलाकों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। मैदानी इलाकों में भी कोहरे के कारण शीतलहर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर मौसम साफ रहने की संभावना जताई है।

## ' मुख्य समाचार '

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार के प्रयासों से वंचित वर्गों के जीवन स्तर में हुआ सुधार।
- भाजपा ने प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए कांग्रेस को बताया पूरी तरह जिम्मेदार।
- लम्बे समय से वर्षा न होने से कृषि कार्य हुए प्रभावित– किसानों की चिंता बढ़ी।

———————————